51वीं के.वि. सं .राष्ट्रीय बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता के रंगारंग उद्घाटन समारोह का आयोजन

श्री एस।एस चौहान, उपायुक्त एवं श्री टी प्रीतम सिंह ,सहायक आयुक्त की अगुवाई में गुरुग्राम संभाग की मेजमानी में केंद्रीय विद्यालय संगठन की 51 वीं बैडमिंटन प्रतियोगिता (अंडर 14, 17 व 19 बालिका)का रंगारंग उदघाटन के। वि क्रमांक 1 फ़रीदाबाद में किया गया |

उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि फ़रीदाबाद जिला बैडमिंटन के संयुक्त सचिव श्री हेमन्त शर्मा नें 287 प्रतिगियों 50 अनुरक्षकों एवं 10 विशेष प्रबंधकों की उपस्थिति में औपचारिक उद्घाटन किया|

श्री सुनील कुमार यादव ,उप्रचार्य के.वि.1,फरिदाबाद व प्रतियोगिता प्रभारी ने सभी गणमान्य अतिथियों, मुक्यातिथि व पर्यवेक्षक श्री कर्मवीर सिंह गिल(प्राचार्य के.वि.सोहना रोड़) का तहेदिल से स्वागत किया साथ ही खेलों की महत्ता को भी बताया गया|

इसके साथ श्री अनिल दहिया एवं सुश्री रचना के नेतृत्व में 25 संभागों के प्रतिभागियों ने औपचारिक मार्च-पास्ट किया | सबसे जोरदार तालियाँ गरिमा शर्मा के नेतृत्व में गुरुग्राम संभाग के दल के लिए आरक्षित थी| तथा उसने सभी खिलाडियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई की |

मंच संचालन श्री रणधीर कुमार व धन्यवाद ज्ञापन श्री शरीफ आलम द्वारा किया गया|प्रसिद्ध हरियाणवी लोक नृत्य की धुन के साथ उद्घाटन समारोह का समापन किया गया |

प्रतियोगिता का आयोजन साई बैडमिंटन अकादमी फरीदाबाद में दिनांक16-10-2022 से20-10 -2022 तक किया जा रहा है | पहले दिन के खेल में U 14 वर्ग टीम प्रतियोगिता में गुरुग्राम ने अहमदाबाद टीम को, जयपुर ने आगरा को,अहमदाबाद ने पटना को बेंगलूर ने लखनऊ को सिकस्त दी|